**प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र परीक्षा**
**सत्र - 2021-22**
**विषय - हिन्दी**
**कक्षा - 8**

**समय - 2 घंटे 30 मिनिट** **पूर्णांक - 80 अंक**

**निर्देश :-**

1. प्रश्न पत्र में कुल 26 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

* प्रश्न संख्या 1 से 8 तक ( बहुविकल्पीय प्रश्नों ) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर पुस्तिका में लिखें ।

प्र. 1. 'प्रत्यूष' शब्द का अर्थ है- 1
( क ) सायंकाल ( ख ) प्रातःकाल ( ग ) शीघ्र ( घ ) दोपहर

प्र.2. 'निमित्त' शब्द का अर्थ है- 1
( क ) निर्मित ( ख ) के लिए ( ग ) कारण ( घ ) अभिप्राय

प्र.3. मानव सभ्यता के विकास में अनूठी भूमिका निभाई है- 1
( क ) टेलिफोन ने ( ख ) एस एम एस ने ( ग ) पत्रों ने ( घ ) वायरलैस ने

प्र.4. 'बाज और साँप' कहानी में साँप प्रतीक है- 1
( क ) भयंकरता का ( ख ) कायरता का ( ग ) डर का ( घ ) परतंत्रता का

प्र.5. गवरा के अनुसार टोपी पहनता है - 1
( क ) सेवक ( ख ) राजा ( ग ) गुलाम ( घ ) कैदी

प्र.6. ग्रामीण महिलाओं ने साइकिल रूप में चुना है- 1
( क ) स्वाधीनता ( ख ) आजादी ( ग ) गतिशीलता ( घ ) उपर्युक्त सभी

प्र.7. 'वि' उपसर्ग से बनने वाला शब्द है- 1
( क ) कमजोर ( ख ) बेकार ( ग ) विशेष ( घ ) उपदेश

प्र.8. किस शब्द में 'ई' प्रत्यय जुड़ा है- 1
( क ) मोरनी ( ख ) देवी ( ग ) नदी ( घ ) बुराई

'प्रश्न संख्या 9 से 15 का उत्तर अधिकतम 25 शब्दों में दीजिए।

प्र. 9. बस की सीट का किससे असहयोग चल रहा था ? 2

प्र.10 दीवानों के जीवन का लक्ष्य क्या है ? 2

प्र.11. सुदामा की दीनदशा देखकर कौन रो पड़े थे ? 2

प्र.12. किन परिवारों के बच्चे काम नहीं करते है ? 2

प्र.13. जिले में किस कार्य हेतु प्रशिक्षण शिविर चल रहे थे ? 2

प्र.14. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो- 2

(1) अनुकूल (2) आय

प्र.15. निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखो- 2

(1) कमल (2) बादल

'प्रश्न संख्या 16 से 22 का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए।

प्र.16. कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अन्त अभी नहीं होगा ? 4

प्र.17. 'दीवानों की हस्ती' कविता में ऐसी कौनसी बात है, जो आपको सबसे अच्छी लगी ? 4

प्र.18. पत्र जैसा संतोष फोन या एसएमएस का संदेश क्यों नहीं दे सकता ? 4

अथवा

पानी परात को हाथ छूयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोए।
पंक्ति में वर्णित भाव का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । 4

प्र.19. साँप उड़ने की इच्छा को मूर्खतापूर्ण मानता था। फिर उसने उड़ने की कोशिश क्यों की ? 4

अथवा

गवरइया के स्वभाव से यह प्रमाणित होता है कि कार्य की सफलता के लिए उत्साह आवश्यक है। सफलता के लिए उत्साह की आवश्यकता क्यों पड़ती है ? तर्क सहित लिखिए। 4

प्र.20. इन शब्दों का प्रयोग कर एक-एक सार्थक वाक्य बनाइए- 4

(अ) खुशहाली (ब) उज्ज्वल (स) निर्माण (द) विज्ञान

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए। 4

(अ) कविता (ब) बकरी (स) जाति (द) पुस्तक

प्र. 21. आपके पड़ौस में बाल-विवाह हो रहा है। आप उसे रोकने के लिए उन्हें किस प्रकार समझायेंगे ? 4

प्र.22. चौराहे को पार करते समय क्या सावधानी रखनी चाहीए । 4

प्र.23. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 8

आजकल काम नहीं करते काका ? मैंने पूछा। नहीं लला, काम तो कई सालों से बंद है। मेरी बनाई हुई चूड़ियाँ कोई पूछे तब तो। गाँव-गाँव में कांच का प्रचार हो गया है। वह कुछ देर चुप रहा, फिर बोला, मशीनी युग है न यह, लला ! आजकल सब काम मशीन से होता है। खेत भी मशीन से जोते जाते हैं और फिर जो सुन्दरता काँच की चूड़ियों में होती है, लाख में कहाँ संभव है ?

(1) गद्यांश में संवाद किन-किनके मध्य हो रहा है ?
(2) बदलू की बनाई चूड़ियों की पूछ कम क्यों हो गई थी ?
(3) मशीनी युग के बारे में बदलू ने क्या कहा ?
(4) बदलू के व्यथित होने का क्या कारण था ?

प्र.24. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 6

अभी कहा जाता है
उस कथा का आखिरी हिस्सा
जो बूढ़ी नानी सुना रही सदियों से
दुनिया के तमाम बच्चों को।।

अथवा

अभी आती है एक बस
अंतरिक्ष के पार की दुनिया से
लाएगी बचे हुए लोगों की खबर
नहीं, यह सबसे कठिन समय नहीं।।

प्र.25. स्वच्छता के सम्बन्ध में दो विद्यार्थियों की बातचीत को अपने शब्दों में संवाद रूप में लिखिए। 8

अथवा

अपने विद्यालय में सफाई करवाने हेतु प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 8

प्र.26. निम्नांकित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए। 8

( अ ) प्रकाश पर्व : दीपावली
( ब ) कोरोना वायरस – 21वीं सदी की महामारी
( स ) स्वच्छ भारत अभियान
( द ) गणतंत्र दिवस

अथवा

निम्नांकित में से किसी एक पात्र समूह को आधार मानकर 150 शब्दों में कहानी लिखिए। 8

( 1 ) मधुमक्खी और चिड़िया
( 2 ) खरगोश और कछुआ
( 3 ) शेर और खरगोश
( 4 ) लोमड़ी और अंगूर

## प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र परीक्षा
## सत्र - 2021-22
## विषय - हिन्दी
## कक्षा - 8

समय - 2 घंटे 30 मिनिट | पूर्णांक - 80 अंक

निर्देश :-

1. प्रश्न पत्र में कुल 26 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

* प्रश्न संख्या 1 से 8 तक ( बहुविकल्पीय प्रश्नों ) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर पुस्तिका में लिखें ।

प्र. 1. 'तंद्रालस' शब्द का अर्थ है- 1

( क ) अलसाया हुआ ( ख ) नींद से जगा हुआ
( ग ) उन्माद से ग्रस्त ( घ ) नींद से अलसाया हुआ

प्र.2. लेखक को बस कैसी लग रही थी- 1

( क ) दयनीय ( ख ) खराब ( ग ) जर्जर ( घ ) टूटी-फूटी

प्र.3. ''जैसे ही उन्हें पत्र मिलता था, उसी समय वे उसका जवाब लिख देते थे''
यह स्वभाव था - 1

( क ) पं. जवाहरलाल नेहरू का ( ख ) महात्मा गाँधी का
( ग ) अंग्रेज अफसरो का ( घ ) रवीन्द्रनाथ टैगोर का

प्र.4. अचानक साँप की गुफा में क्या आकर गिरता है- 1

( क ) मोर ( ख ) कबूतर ( ग ) बाज ( घ ) गिद्ध

प्र.5. 'टोपी' पाठ के लेखक का नाम है- 1

( क ) संजय ( ख ) सृंजय ( ग ) धनंजय ( घ ) जनमेजय

प्र.6. पुडुकोट्टई जिले में किस चीज की धूम मची हुई थी - 1

( क ) औरतों की ( ख ) प्रशिक्षण की ( ग ) साइकिल की ( घ ) ग्रामीणों की

प्र.7. 'दुर्जन' शब्द में कौनसा उपसर्ग जुड़ा हुआ है- 1

( क ) दु ( ख ) दुर् ( ग ) दुस् ( घ ) दु+आ

प्र.8. 'मुखिया' शब्द में कौनसा प्रत्यय जुड़ा हुआ है - 1

( क ) या ( ख ) ईय ( ग ) अनीय ( घ ) इया

* प्रश्न संख्या 9 से 15 का उत्तर अधिकतम 25 शब्दों में दीजिए।

प्र. 9. डॉक्टर मित्र ने किसे अनुभवी बताया ? 2

प्र.10 'दीवानें' शब्द किनके लिए प्रयुक्त हुआ है ? 2

प्र.11. सुदामा की दीनदशा के बारे में श्रीकृष्ण को किसने बताया ? 2

प्र.12. 'कामचोर' कहानी में बच्चों ने क्या निर्णय लिया ? 2

प्र.13. गाँव की महिलाओं की साईकिल की तुलना किससे की गई है ? 2

प्र.14. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो- 2
(1) धनी (2) नया

प्र.15 निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखो 2
(1) धरती (2) संसार

'प्रश्न संख्या 16 से 22 का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए।

प्र.16. फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि कौन-कौन से प्रयास करता है ? 4

प्र.17. दीवाने एक स्थान पर टिक कर क्यों नहीं रहते थे ? 4

प्र.18. पत्र लेखन की कला के विकास के लिए क्या-क्या प्रयास हुए ? लिखिए। 4
अथवा
अपने गाँव लौटकर जब सुदामा अपनी झोंपड़ी नहीं खोज पाए तब उनके मन में क्या-क्या विचार आए ? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 4

प्र.19. घायल बाज को देखकर साँप खुश क्यों हुआ होगा ? 4
अथवा
गवरइया और गवरा के बीच किस बात पर बहस हुई और गवरइया को अपनी इच्छा पूरी करने का अवसर कैसे मिला ? 4

प्र.20. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग कर एक-एक सार्थक वाक्य बनाइए- 4
(अ) साहस (ब) विशाल (स) निर्मल (द) उद्यम
अथवा
निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए। 4
(अ) रात (ब) बात (स) नदी (द) लड़का

प्र. 21. आपके पड़ौस में वृक्ष – कटाई हो रही है। आप उसे रोकने के लिए उन्हें किस प्रकार समझायेंगे ? 4

प्र.22. सड़क पर चलते समय आपके द्वारा अपनाई जाने वाली चार सावधानियाँ बताइए। 4

प्र.23. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 8

बदलू यह कार्य सदा ही एक मचिये पर बैठकर किया करता था जो बहुत ही पुरानी थी। बगल में ही उसका हुक्का रखा रहता जिसे वह बीच-बीच में पीता रहता। गाँव में मेरा दोपहर का समय अधिकतर बदलू के पास बीतता। वह मुझे 'लला' कहा करता और मेरे पहुँचते ही मेरे लिए तुरंत एक मचिया मंगा देता। मैं घंटो बैठे-बैठे उसे इस प्रकार चूड़ियाँ बनाते देखता रहता। लगभग रोज ही वह चार-छह जोड़े चूड़ियाँ बनाता । पूरा जोड़ा बना लेने पर वह उसे बेलन पर चढ़ाकर कुछ क्षण चुपचाप देखता रहता मोनो वह बेलन न होकर किसी नव-वधू की कलाई हो।

(1) बदलू किस पर बैठकर काम किया करता था ?
(2) बदलू किसके पहुँचते ही मचिया मँगवाता था और क्यों ?
(3) दोपहर के समय प्राय: कौन किसके पास रहता था ?
(4) बदलू चूड़ियों के जोड़े को किस प्रकार देखता था ?

प्र.24. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 6

नहीं, यह सबसे कठिन समय नहीं !
अभी भी दबा है चिड़िया की
चोंच में तिनका
और वह उड़ने की तैयारी में है।

अथवा

अभी भी झरती हुई पत्ती
थामने को बैठा है हाथ एक
अभी भी भीड़ है स्टेशन पर
अभी भी एक रेलगाड़ी जाती है गंतत्व तक

प्र.25. प्रदूषण के सम्बन्ध में छात्रों के मध्य हो रही बातचीत को अपने शब्दों में संवाद रूप में लिखिए। 8

अथवा

आप कक्षा 8 के विद्यार्थी अमित कुमार हैं। अंग्रेजी विषय का पाठ्यक्रम पूरा करवाने हेतु अपने प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 8

प्र. 26. निम्नांकित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए। 8

( अ ) दीपावली

( ब ) स्वच्छ भारत अभियान

( स ) गणतंत्र दिवस

( द ) कोरोना वायरस – 21 वीं सदी की महामारी

अथवा

निम्नांकित में से किसी एक पात्र समूह को आधार मानकर 150 शब्दों में कहानी लिखिए। 8

( 1 ) खरगोश और कछुआ

( 2 ) लोमड़ी और अंगूर

( 3 ) शेर और खरगोश

( 4 ) मधुमक्खी और चिड़िया